2023-2024 में अपडेटेड कोविड-19 टीके: दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र

Vaccinate WA
CovidVaccineWA.org

2023- 2024 में अपडेटेड कोविड-19 टीके क्या हैं? क्या यह नवीनतम वेरिएंट के लिए बना है?

2023- 2024 का अपडेटेड कोविड-19 टीका सबसे नया टीका है जो कि Food and Drug Administration (FDA, खाद्य एवं औषधि प्रशासन) द्वारा अधिकृत है और Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) द्वारा सुझाया गया है। जिस वायरस से कोविड-19 होता है, वह समय के साथ बदल गया है, और उसके कई अलग-अलग वेरिएंट बन गए हैं। यह टीका उन नए वेरिएंट को लक्षित करेगा जो इस समय संयुक्त राज्य अमेरिका में अधिकतर संक्रमणों और अस्पताल में भर्ती होने के लिए जिम्मेदार है। यह टीका इन वेरिएंट के खिलाफ सुरक्षा देने के साथ-साथ उसे उसे बढ़ाता भी है।

2023- 24 में अपडेटेड कोविड-19 टीके किसे लगवाना चाहिए?

वयस्कों को 2023- 2024 में अपडेटेड कोविड-19 टीके की एकखुराक लगवानीचाहिए। जिन वयस्कों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर है उन्हें अतिरिक्त खुराक की जरूरत हो सकती है। अगर पहले टीका लग चुका है तो अपडेटेड टीका उनकी आखिरी खुराक के कम से कम दो महीने बाद दिया जाना चाहिए।

अपडेटेड 2023- 24 टीका दीर्घकालिक देखभाल कर्मचारियों और निवासियोंके लिए क्यों जरूरी है?

श्वसन संबंधी वायरस संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या पिछले साल सामान्य से ज्यादा थी। ये संक्रमण एक साथ हो सकते हैं और इससे अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु का खतरा बढ़ सकता है। टीके, कर्मचारियों और निवासियों की संक्रमण से सुरक्षा में एक परत जोड़ते हैं।

- 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों, खास तौर पर दीर्घकालिक देखभाल सेटिंग्स में रहने वाले लोगों को कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण कोविड-19 और दूसरी श्वसन संबंधी बीमारियों से गंभीर परेशानियों का खतरा अधिक है।

परिवारों और घर के सदस्यों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करना

कर्मचारियों, निवासियों और परिवारों के साथ विश्वास बनाना जरूरी है। केन्द्र के अंदर कोविड-19 की वर्तमान स्थिति और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे सुरक्षात्मक उपायों के बारे में नियमित और पारदर्शी संचार की सहायता से इस विश्वास को बनाने में मदद मिलती है। दीर्घकालिक देखभाल सुविधा के निवासियों और उनके परिवारों को इस बारे में जागरुक करना चाहिए कि जितने ज्यादा लोग एक सेटिंग में रहेंगे, संक्रमण का खतरा उतना ही ज्यादा होगा। परिवारों के साथ उन तरीकों को साझा करें जिनसे वे कोविड—19 के टीकाकरण के साथ अप-टू-डेट रहकर अपने परिवार के सदस्यों और समुदाय को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

टीके की एक जोरदार सिफारिश कैसे करें:

- टीकाकरण के महत्व के बारे में बताएं।
- निवासियों के सवालों और समस्याओं का का समाधान करें, और उन्हें बताएं कि टीकाकरण के लाभ उनके जोखिमों से ज्यादा हैं।
- टीकाकरण न होने पर जो बीमारी कोविड-19 (स्पेनी में उपलब्ध) के कारण हो सकती हैं उनके बारे में बताएं।

दीर्घकालिक देखभाल सुविधा कर्मचारियों को खुद को संक्रमण से बचाते हुए बीमारी से प्रभावित लोगों की देखभाल करने का मुश्किल काम करना होता है। **2023- 24 में अपडेटेड कोविड-19 टीके से अपनीऔर अपने प्रियजनों की सुरक्षा करें।**

Washington State Department of HEALTH

DOH 830–038, September 2023, Hindi. इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या ऊंचा सुनने वाले ग्राहक कृपया, 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।